तुम श्याम मेरे मैं हूँ तुम्हारा भजन लिरिक्स

तुम श्याम मेरे,
मैं हूँ तुम्हारा,
जीने को काफी है,
तेरा सहारा,
हार के ये दिल मेरा,
जब उदास होता है,
मेरा श्याम प्यारा,
मेरे पास होता है,
मेरा श्याम प्यारा,
मेरे पास होता है।bd।

तर्ज – तुम पास आए यूँ।

जबसे बना है,
तू हमसफ़र,
आसां हुई है,
हर एक डगर,
खो गयी राहें मेंरी,
रस्ता नया दिखला दिया,
गिरूं तो संभालेगा,
विश्वास होता है,
मेरा श्याम प्यारा,
मेरे पास होता है।bd।

सोचा यही था,
कुछ ना बचा,
पर खेल तूने,
ऐसा रचा,
ये कृपा तेरी प्रभु,
मैं हारता भी जीत गया,
सदा साथ होने का,
एहसास होता है,
मेरा श्याम प्यारा,
मेरे पास होता है।bd।

चलता रहा है,
ये सिलसिला,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आप अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दर से तेरे ही,
सब कुछ मिला,
और क्या मांगे 'सचिन',
तुमको तुम्ही से मांग लिया,
तन मन में तेरा ही,
एक वास होता है,
मेरा श्याम प्यारा,
मेरे पास होता है।bd।

तुम श्याम मेरे,
मैं हूँ तुम्हारा,
जीने को काफी है,
तेरा सहारा,
हार के ये दिल मेरा,
जब उदास होता है,
मेरा श्याम प्यारा,
मेरे पास होता है,
मेरा श्याम प्यारा,
मेरे पास होता है।bd।

Singer – Upasana Mehta

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com